**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक–प्र03 (प्रोन्नति)–01/2023 2952 /खाद्य, पटना/दिनांक–07/07/2023

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय, भा0प्र0से0
सरकार के विशेष सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

विषय :– बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के अपलेखन हेतु Reporting Officer, Reviewing Officer तथा Accepting Officer निर्धारित किए जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों का स्पैरो प्रणाली के e-Par पर कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अपलेखन के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (बिहार स्पैरो) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा तैयार डोजियर को बिहार स्पैरो सर्वर पर अपलोड करने हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों की सूचना स्पैरो प्रणाली पर मैपिंग करते हुए प्रदर्शित किये जाने का भी अनुरोध किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि बिहार स्पैरो प्रणाली पर बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अपलेखन के लिए Reporting Officer, Reviewing Officer तथा Accepting Officer का निर्धारण किया जाना है।

बिहार स्पैरो प्रणाली पर e-Par के माध्यम से बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अपलेखन हेतु निम्न रूप से Reporting Officer, Reviewing Officer तथा Accepting Officer का निर्धारण किया जाता है :

| क्र0 सं0 | बिहार आपूर्ति सेवा संवर्ग के पदाधिकारी का पदनाम | Reporting Officer | Reviewing Officer | Accepting Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | आपूर्ति निरीक्षक | अनुमंडल पदाधिकारी | जिला आपूर्ति पदाधिकारी | जिला पदाधिकारी |
| 02 | प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी | अनुमंडल पदाधिकारी | जिला आपूर्ति पदाधिकारी | जिला पदाधिकारी |
| 03 | सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी | जिला आपूर्ति पदाधिकारी | जिला पदाधिकारी | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग। |
| 04 | जिला आपूर्ति पदाधिकारी | जिला पदाधिकारी | प्रमंडलीय आयुक्त | अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग। |

अतः अनुरोध है कि बिहार आपूर्ति सेवा के पदाधिकारियों का बिहार स्पैरो प्रणाली पर कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अपलेखन के लिए उपरोक्त निर्धारित Reporting Officer, Reviewing Officer तथा Accepting Officer के अनुरूप कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अपलेखित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 07.07.2023

सरकार के विशेष सचिव।



D:\sec3, 2023\Shushil\draft vividh.doc

ज्ञापांकः— प्र03 (प्रोन्नति)—01/2023 2952 खाद्य/पटना, दिनांक—07/07/23

प्रतिलिपिः— सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उप निदेशक खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग/अपर जिला दण्डाधिकारी (आपूर्ति), पटना/विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन, पटना/सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी/सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी आपूर्ति निरीक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव।